भारत सरकार
शिक्षा मंत्रालय
स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्याः 89
उत्तर देने की तारीखः .1807.2022

ओडिशा में केन्द्रीय विद्यालय

† 89 : श्री सप्तगिरी शंकर उलाका:

श्री रमेश चन्द्र माझी:

क्या **शिक्षा मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या ओडिशा सरकार द्वारा ग्रामीण लोगों के लाभ के लिए राज्य में नए केन्द्रीय विद्यालय (केवी) खोलने के लिए केन्द्र सरकार से कोई अनुरोध किया गया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और नवरंगपुर, मलकानगीर और कोरापुट जिलों में केन्द्रीय विद्यालयों की स्थिति क्या है;

(ख) ओडिशा के जयपोर में केन्द्रीय विद्यालय की स्थापना की क्या स्थिति है और उक्त केन्द्रीय विद्यालय की स्थापना में विलम्ब को दूर करने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं ताकि भविष्य में इससे बचा जा सके;

(ग) उक्त केन्द्रीय विद्यालयों को कब तक स्थापित किए जाने की संभावना है;

(घ) क्या सरकार का ओडिशा में अविभाजित कोरापुट जिले सहित आकांक्षी क्षेत्रों में केन्द्रीय विद्यालय खोलने का विचार है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ड.) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर
शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्रीमती अन्नपूर्णा देवी)

(क) से (ग) : नए केन्द्रीय विद्यालय (केवि) खोलना एक सतत प्रक्रिया है। केवि मुख्य रूप से देशभर में शिक्षा का एक समान कार्यक्रम प्रदान करके रक्षा और अर्ध-सैन्य कर्मियों, केंद्रीय

स्वायत्त निकायों, केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (पीएसयू) और केंद्रीय उच्च शिक्षा संस्थानों (आईएचएल) सहित स्थानांतरणीय केंद्र सरकार के कर्मचारियों के बच्चों की शैक्षिक आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए खोले जाते हैं। नए केवि खोलने के प्रस्तावों पर तभी विचार किया जाता है जब उन्हें भारत सरकार के मंत्रालयों या विभागों/राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र(यूटी) प्रशासनों द्वारा प्रायोजित किया जाता है और एक नया केवि स्थापित करने के लिए संसाधनों की प्रतिबद्धता व्यक्त की गई हो। नए केवि खोलने के लिए अनिवार्य पूर्व-आवश्यकताओं को पूरा करने वाले विभिन्न प्रायोजक प्राधिकरणों से प्राप्त प्रस्तावों को "चुनौती पद्धति" के तहत ऐसे अन्य प्रस्तावों के साथ प्रतिस्पर्धा करनी होती है। वर्तमान में, ओडिशा राज्य में 66 केवि (नवरंगपुर में 01, मलकानगीर में 01 और कोरापुट में 02 केवि सहित) कार्यात्मक हैं। केवि को ग्रामीण/शहरी मानदंडों के आधार पर नहीं खोला जाता है।

ओडिशा राज्य के कोरापुट जिले में जयपोर में एक नया केन्द्रीय विद्यालय खोले जाने संबंधी प्रस्ताव केन्द्रीय विद्यालय संगठन (केविसं) को प्राप्त हुआ है और यह एक नया केवि खोले जाने हेतु पूर्व-अपेक्षित अनिवार्यताओं को पूरा करता है। इस संबंध में, कोई निर्धारित समय-सीमा नहीं दी जा सकती है।

(घ) और (ङ) केविसं ने सूचित किया है कि नीति आयोग द्वारा ओडिशा राज्य में पहचान किए गए 10 आकांक्षी जिलों में 15 केवि (कोरापुट जिले में 2 केवि अर्थात सुनाबेडा और कोरापुट सहित) हैं।

******